प्रेस नोट

दिनांक 26.08.2025

थाना सुमेरपुर क्षेत्रान्तर्गत तीजा मेला जुलूस में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु श्रीमान अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा किया गया भ्रमण।

आज दिनांक 26.08.2025 को थाना सुमेरपुर क्षेत्रान्तर्गत आयोजित तीजा मेला जुलूस के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत श्रीमान अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर द्वारा जुलूस मार्ग का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान श्रीमान द्वारा पूरे मार्ग एवं मेला स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इस दौरान भीड़-प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस बल को प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में तैनात किया गया। महिला पुलिसकर्मियों को महिलाओं की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण हेतु लगाया गया। श्रद्धालुओं तथा आमजन की सुविधा के लिए मार्ग-निर्देशन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया तथा एम्बुलेंस एवं आपातकालीन वाहनों के आवागमन हेतु विशेष मार्ग रखा गया जिससे किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु संवेदनशील स्थानों तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं पर विशेष निगरानी रखी गई। साथ ही पीआरवी एवं मोबाइल पुलिस वाहन लगातार भ्रमणशील है जिससे आमजनमानस में सुरक्षा का भाव बना रहे। तथा संपूर्ण तीजा मेला जुलूस शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके ।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सरीला, प्रभारी निरीक्षक सुमेरपुर सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। हुआ।